# धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन

Reg. No. U88900RJ2023NPL091486 भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान (NGO)
Unique IdVO/NGO RJ/2023/0379172 80G Reg. AAKCD4873FF2024101



## संस्थापक का परिचय- प्रहलादराम सैन पुत्र श्री सूराराम जी सैन

**जन्म तिथि: 07 दिसम्बर 1982**

**ग्राम – डंडाली | तहसील – सिणधरी,जिला – बालोतरा (राज.)**

### प्रारंभिक जीवन एवं संस्कार

प्रहलादराम सैंन जी बचपन से ही सरल स्वभाव, मधुर वाणी और सेवा भावना से ओत-प्रोत रहे हैं। संतों का संग, भजन-कीर्तन, योग, व्यायाम और आध्यात्मिक गतिविधियों में उनकी विशेष रुचि रही है। दया, धर्म, प्रेम और निःस्वार्थ जनसेवा उनके जीवन के मूल संस्कार रहे हैं, जिनके कारण वे सदैव परोपकार और समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहे। सेवा पथ की शुरुआत पेशे से वे अपने गांव डंडाली में एक मेडिकल शॉप का संचालन करते थे, जहाँ से उन्हें ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं को नजदीक से समझने का अवसर मिला। इसी अनुभव ने उन्हें संगठित सेवा की ओर प्रेरित किया। 8 दिसम्बर 2023 को उन्होंने धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की स्थापना की। संस्था के तत्वावधान में भामाशाहों के सहयोग से उन्होंने गोयणासर महादेव मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर लगातार तीन दिनों तक लगभग 50,000 श्रद्धालुओं को निःशुल्क नींबू शर्बत पिलाकर सेवा कार्य का शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य एवं सामाजिक उपलब्धियाँ (2024–25) ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन 2000+ जरूरतमंद लोगों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन 3500+ लोगों को निःशुल्क नजदीक के चश्मों का वितरण बेरोजगारों के स्वावलंबन हेतु निःशुल्क सिलाई मशीनों का वितरण की ।
4 सितम्बर 2025 को संस्था द्वारा संचालित धनवंतरी चैरिटेबल हॉस्पिटल की स्थापना की गई, जो मेगा हाईवे, सांचौर रोड, सिणधरी, जिला बालोतरा (राजस्थान) में स्थित है।
यहाँ असहाय, असमर्थ, बेसहारा, अनाथ एवं जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क उपचार आंखों की जांच, चश्मा वितरण एवं नेत्र ऑपरेशन जनरल फिजिशियन द्वारा खांसी, बुखार, टाइफाइड, अस्थमा, किडनी रोग, चर्म रोग एवं पथरी का उपचार किया जाता है। प्रेरणा प्रहलादराम सैंन जी का जीवन इस विश्वास का प्रतीक है कि "सेवा ही सच्चा धर्म है" और संगठित प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और सम्मान पहुँचाया जा सकता है।

# धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन

Reg. No. U88900RJ2023NPL091486 भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान (NGO)
Unique IdVO/NGO RJ/2023/0379172 80G Reg. AAKCD4873FF2024101

स्थापना- 8 दिसम्बर 2023 – असहाय, गरीब और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प के साथ संस्था की शुरुआत।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर - जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच – बेहतर दृष्टि की ओर एक कदम।

नेत्र ऑपरेशन - 3000+ जरूरतमंदों को नजदीक के चश्मे निःशुल्क प्रदान किए गए।

महिला सशक्तिकरण - बेरोजगार महिलाओं को सिलाई मशीन – आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल।

युवा सशक्तिकरण - युवाओं को कौशल व अवसर – सशक्त भविष्य की नींव।

शीतकालीन राहत - कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण।

शिवरात्रि सेवा - शिवरात्रि पर 3500 श्रद्धालुओं को निःशुल्क नींबू शर्बत सेवा

धनवंतरी चैरिटेबल हॉस्पिटल- 4 सितम्बर 2025 – सिणधरी में जनसेवा हेतु चैरिटेबल हॉस्पिटल की स्थापना।

अस्पताल सेवाएं- एक ही छत के नीचे नेत्र, जनरल चिकित्सा व सभी जांच सुविधाएं।

निःशुल्क इलाज- असहाय व जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क इलाज।

1 प्रतिदिन सदस्य योजना- 1 प्रतिदिन में निःशुल्क जांच व डॉक्टर परामर्श की सुविधा।

सामाजिक प्रभाव - हजारों जीवनों तक स्वास्थ्य, आशा और सम्मान की पहुंच।

सेवा का संकल्प- धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन – निरंतर जनसेवा का संकल्प।






बाड़मेर - बालोतरा जिले का एक मात्र संस्था का होस्पीटल धनवंतरी चेरीटेबल हॉस्पिटल
जो कि मेगा हाइवे सांचौर रोड़ सिणधरी में आया हुआ है

हॉस्पिटल की मूलभूत सुविधाएं।

1.नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ द्वारा आंखों की जांच नम्बर के चश्मे और आंखों के ऑपरेशन किये जाते हैं

2.जनरल फिजिशियन डॉ द्वारा बीपी शुगर थायराइड खांसी जुकाम बुखार पीलीया टायफाइड चमड़ी रोग हड्डी रोग किडनी की जांच सीबीसी ईसीजी खून की रिपोर्ट एक्स-रे मशीन इत्यादि जांचें एक छत के नीचे मिलेगी संस्था के होस्पीटल में असहाय असमर्थ बेसहारा अनाथ एवं दिव्यांग लोगों के निःशुल्क इलाज एवं आंखों के ओप्रेशन के लिए प्रति दिन एक रूपये का दान देकर अपना निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड जरूर बनाएं। प्रतिदिन एक रुपए का दान देने से आपके पुरे परिवार को मिलेगा ये फायदा

1.निःशुल्क बीपी व शुगर की जांच 2.निःशुल्क आंखों की जांच 3.निःशुल्क डाक्टर परामर्श 4.निः शुल्क सीबीसी जांच

5.बाकी जाच पर 20%की छूट

नोट:हर रविवार को धनवंतरी चेरीटेबल होस्पीटल सिणधरी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर होता है
जिसमें आंखों की जांच एवं नजदीक के चश्मे फ्री में दिये जाते हैं












शिविर के भामाशाह सोनी रामाराम जी चौहटन





CITY BOOK सिटी बुक 10 राजस्थान पत्रिका बाड़मेर, मंगलवार, 28 जन

## शिविर में 65 जने मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित

चौहटन. पोषाल बीजराड़ में नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए।

**चौहटन @ पत्रिका.** रूपाजी का मंदिर सोनारों की ढाणी पोषाल में सोमवार को धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन के बैनर तले निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। बीजराड़ के पोषाल में आयोजित शिविर में पूर्व सरपंच भलाराम सांई, पूराराम जाखड़, पूर्व प्रधान कुम्भाराम सेंवर अतिथि के रूप में मौजूद रहे। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रहलादराम सैन डंडाली ने बताया कि शिविर में करीब 600 लोगों की नेत्रों की जांच की। इनमें से 65 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर नेत्र ज्योति चिकित्सालय बाड़मेर रेफर किया। 300 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए। भामाशाह ज्वाराराम, देवीलाल, रेखाराम, रामाराम, मांगीलाल, हरीश ने शिविर आयोजन में सहयोग किया। फाउंडेशन टीम से आईदान सिंह धतरवाल, केसाराम चौधरी ने सेवाएं दी।









धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन के तत्वधान में
नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर
दिनांक : 27 जनवरी 2025, सोमवार

धनवंतरी फाउंडेशन के मुख्य लाभ

नि:शुल्क

1. शिविर में बी.पी. एवं सुगर की जाँच नि:शुल्क रहेगी।
2. बालोतरा के सुप्रसिद्ध हॉस्पीटलो में इलाज के दौरान विशेष छूट।
3. बालोतरा में सोनोग्राफी एवं लेब में जाँच करवाने पर 30 प्रतिशत की छूट।

धनवंतरी फाउंडेशन के मुख्य उद्देश्य

1. नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं नि:शुल्क नेत्रो का ऑपरेशन करना।
2. शिविर मे अनाथ, असहाय एवं बेबस लोगो के लिए नि:शुल्क चश्मे वितरण करना।
3. अनाथ बेटी की शादी मे सहयोग करना।
4. अनाथ एवं गरीब परिवार के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग करवाना।
5. असहाय एवं असमर्थ लोगो के रोजगार के लिए नि:शुल्क सिलाई मशीन वितरण करना।
6. गर्मी की ऋतु मे पक्षियो के लिए परींदे लगाना। 7. वर्षा ऋतु मे सार्वजनिक जगहो पर पौधे लगवाना।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं नि:शुल्क चश्मे वितरण
व नि:शुल्क भोजन प्रसादी भी रहेगी।


भामाशाह -नेनुवानी सोनी कुकरा परिवार पोषाल, बिजराड़
ज्वाराराम सोनी 9468552746, रेखाराम सोनी 9413635054, देवीलाल सोनी 9414530034
रामा राम सोनी 9413635417, मांगीलाल सोनी 9587122725, हरीश सोनी 8107145377

जय मां वांकल ऑटोमोबाईल चौहटन
डिप्टी ऑफिस के सामने, पेट्रोल पम्प के पास, चौहटन ( बाड़मेर )

इस योजना को घर घर पहुंचाने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओ की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें 9784176282, 9672151421

हरिओम ऑफसेट, दुकान नं. B - 7 व 8, अण्डर ग्राउण्ड, पालिका बाजार, स्टेशन रोड, बाड़मेर 230260









नेत्र रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया

नोसर @ पत्रिका. गांव डंडाली के बाबा रामदेव राम रसोड़ा में रविवार को धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन ने बताया कि दानदाता बाबूलाल मनमोड़ा कमठाई के सहयोग से आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने 270 नेत्र रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया। ऑपरेशन के लिए 50 मरीजों का चयन किया। जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में बाबा रामदेव राम रसोड़ा संचालक चम्पालाल राजपुरोहित, हुकमाराम,भोपसिंह ओमसिंह मुकेश सैन, गोविंद सिंह, चम्पा राजपुरोहित, उदय सिंह ने सेवाएं दी।























# शिविर के भामाशाह बाबूलाल जी मनमोड़ा कमठाई















दैनिक भास्कर बालोतरा 02-12-2024

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 288 लोगों की जांच कर परामर्श दिया

पायला कला: खुडाला में नेत्र जांच शिविर की टीम व भामाशाह उपस्थित।

**पायला कला** | जिला अंधता निवारण समिति एवं बाड़मेर जन सेवा समिति के तत्वावधान में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से जुंझार देवाजी खाटोणा गोत्र देवासी समाज सेवा संस्थान खुडाला में रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। इसमें आस-पास के गांवों से पहुंचे 288 जनों की आंखों की जांच कर परामर्श दिया गया। वहीं 55 लोगों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए बाड़मेर नेत्र ज्योतिष चिकित्सालय भेजा गया। जीवाराम देवासी सड़ा ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। शिविर में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन डंडाली, किशनाराम मांजू परेऊ, आईदानराम धतरवाल, केसाराम, बाबूलाल सुथार, राजेशपुरी, ओमप्रकाश सैन, दीपाराम, हड़मताराम, जबराराम, शंकराराम सड़ा सहित भामाशाह मौजूद रहे।












# शिविर के भामाशाह जीवाराम एवं शंकर लाल जी देवासी सड़ा



खुश खबरी लाभ उठावें खुश खबरी

**जिला अन्धता निवारण समिति, बाड़मेर**
**बाड़मेर जन सेवा समिति, बाड़मेर एवं**
**धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन द्वारा**

**निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर**

**दिनांक : 01 दिसम्बर 2024, रविवार**

स्थानः- श्री जुंझार देवाजी खाटोणा गोत्र देवासी समाज सेवा संस्थान
गांव खुडाला, जिला बाड़मेर

जाँच शिविर के मुख्य बिन्दु — समय : प्रात 11 से 2 बजे तक

1. नेत्र ज्योति चिकित्सालय, बाड़मेर की टीम द्वारा आँखों की जाँच।
2. मोतियाबिन्द रोगियों का चयन कर नेत्र ज्योति चिकित्सालय बाड़मेर रैफर किये जायेंगे।
3. ऑपरेशन के दूसरे दिन रोगियों को छुट्टी दी जावेगी। 4. ऑपरेशन लायक रोगी साफ सुथरा आवें।
5. लैंस (मणि) वाले ऑपरेशन के बाद रोगी को बड़े काँच वाला चश्मा लगाने की आवश्यकता नहीं है।
6. ऑपरेशन लायक रोगी बाड़मेर जाने की तैयारी करके आवें व बर्तन साथ लावें।
7. चिकित्सालय में जनरल फिजिशियन दान्तों के डॉक्टर, फिजियोथेरापिस्ट, डायलेसिस की सुविधा रियायति दर पर उपलब्ध है।

**भामाशाह - दीपाराम व हड़मता राम खाटोणा देवासी**

-: निवेदक :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| टिना डाबी | डॉ. संजीव मित्तल | ओमप्रकाश मेहता | जालमसिंह राजपुरोहित |
| जिला कलेक्टर | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी | अध्यक्ष | कैम्प ऑर्गेनाईजर |
| बाड़मेर | बाड़मेर | बाड़मेर जन सेवा समिति बाड़मेर | बाड़मेर जन सेवा समिति मो.: 220791, 9829797723 |



























शिविर के भामाशाह उमेश जी सैन गांव रोली (राम जी का गोल)















शिविर के भामाशाह उमेश जी सैन गांव रोली (राम जी का गोल)










दैनिक भास्कर बाड़मेर भास्कर 26-11-2024

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन



आंखों की जांच कर चयनित को प्रमाण पत्र देते हुए


भास्कर संवाददाता | सेड़वा

ग्राम पंचायत साता एवं बाखासर में रविवार को धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन के माध्यम से निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। धनवंतरी फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सेन डंडाली ने बताया कि शिविर में कुल 200 लोगों ने नेत्रों की जांच करवाई। जिसमें 55 लोगों को ऑपरेशन चयनित करके नेत्र ज्योति चिकित्सालय बाड़मेर रेफर किया।

इस दौरान फाउंडेशन टीम सदस्य जालमसिंह राजपुरोहित, चम्पालाल सेन, मुकेश सेन, जेठाराम सेन एवं केसाराम कड़वासरा ने सेवाएं दी।









शिविर के भामाशाह प्रहलादराम सैंन डंडाली













## शिविर के भामाशाह सरपंच प्रतिनिधि राजू राम जी पाटोदी







पश्चात ईश्वर नमस्कार मंत्र के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद ... मदनलाल सिंधी, नरेश कुमार सोनी, चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 400 मरीजों की जांच

भास्कर न्यूज़ | सिवाना

आशापुरा माताजी मंदिर प्रांगण में जिला अंधता निवारण समिति बाड़मेर व बाड़मेर जन सेवा समिति के तत्वावधान में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर मगराज पुत्र पूनमाराम सुथार परिवार के सौजन्य से गुरुवार को गादीपति महंत नृत्य गोपालराम के सानिध्य में आयोजित हुआ।

फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन ने बताया कि शिविर में 400 मरीजों की निशुल्क जांच की गई। वहीं 30 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। इनका निशुल्क ऑपरेशन बाड़मेर के नेत्र ज्योति हॉस्पिटल में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की ओर से किया जाएगा। वहीं 250 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरण किए गए।


शिविर में नेत्र ज्योति हॉस्पिटल बाड़मेर के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर व उनकी टीम की ओर से मरीजों की जांच की गई। भामाशाह मगराज सुथार ने कहा कि धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को नेत्र चिकित्सा की उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर फाउंडेशन संरक्षक बाबूलाल सुथार, कैलाश सुथार, सुरेश, पुरुषोत्तम, रमेश, नेमीचंद सुथार, आईदानसिंह आदि मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर बालोतरा 11-12-2024

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर

पायला कला | भगवानपुरा में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। फाउंडेशन अध्यक्ष प्रह्लादराम सैन डंडाली ने बताया कि शिविर में कुल 270 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। इसमें 35 मरीजों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनको नेत्र ज्योति चिकित्सालय बाड़मेर रेफर किया गया। शिविर में 80 मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर के भामाशाह सरपंच गणपतराम, सरपंच प्रतिनिधि राजूराम प्रजापत भगवानपुरा व चश्मों के भामाशाह भंवरराम प्रजापत रहे। संरक्षक बाबूलाल सुथार ने बताया कि नेत्र शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है। टीम सदस्य चंपालाल सैन होडू, जोधाराम सैन फौजी, किशन मांजू परेऊ ने सेवाएं दी।









## शिविर के भामाशाह मगाराम जी सुथार सिवाना























# शिविर के भामाशाह  मगाराम जी सुथार सिवाना











दैनिक भास्कर बालोतरा 21-02-2025


## शिविर में 800 लोगों की नेत्र जांच

पायला कला: नेत्र जांच शिविर में जांच करवाने पहुंचे लोग।

भास्कर न्यूज | पायला कला

धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन के माध्यम से निशुल्क नेत्र जांच शिविर गुरुवार को नाकोड़ा गोलाई मे आयोजित हुआ। यह शिविर सरपंच जबरसिंह, फाउंडेशन संरक्षक बाबूलाल सुथार के सानिध्य में हुआ। फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन डंडाली ने बताया कि शिविर में कुल 800 लोगों ने नेत्रों की जांच करवाई। वहीं 80 लोगों को ऑपरेशन के लिए नेत्र ज्योति चिकित्सालय बाड़मेर में रेफर किया गया। शिविर के दौरान 250 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरण किए गए। इस शिविर में संपूर्ण खर्च राशि के भामाशाह बाबूलाल सुथार रहे। इस दौरान भामाशाह ने 4 जरूरतमंद लोगों को सिलाई मशीनें भेंट की। इस अवसर पर फाउंडेशन टीम बाबूलाल सोनी, ओमप्रकाश सैन, नेनसिंह राजपुरोहित, मगराज सुथार, गणपतराम, कौशलाराम सुथार, सुरेश आदि मौजूद रहे। इस दौरान अशोक सैन, केसाराम चौधरी, जालमसिंह राजपुरोहित व नेत्र ज्योति चिकित्सालय टीम ने अपनी सेवाएं दी।










# शिविर के भामाशाह बाबूलाल जी सुथार सिणधरी















## शिविर के भामाशाह बाबूलाल जी सुथार सिणधरी









दैनिक भास्कर बालोतरा 24-02-2025

**शिविर में महिला को सिलाई मशीन भेंट की**

पायला कला | समीपवर्ती डंडाली में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर में भामाशाह बाबूलाल सुथार ने जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन भेंट की। इस अवसर पर फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन, पूर्व सरपंच ठाकुरसिंह राजपुरोहित, रतनसिंह, अर्जुनसिंह, अणदाराम, करनाराम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।


















## शिविर के भामाशाह बाबूलाल जी मनमोड़ा कमठाई
























शिविर के भामाशाह प्रहलाद राम जी सैंन एवं बाबूलाल जी सियोल बाड़मेर













शिविर के भामाशाह शिवजियोंणी सोनी परिवार चवा












# धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन

Reg. No. U88900RJ2023NPL091486 भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान (NGO)
Unique IdVO/NGO RJ/2023/0379172 80G Reg. AAKCD4873FF2024101

स्थापना- 8 दिसम्बर 2023 – असहाय, गरीब और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प के साथ संस्था की शुरुआत।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर - जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच – बेहतर दृष्टि की ओर एक कदम।

नेत्र ऑपरेशन - 3000+ जरूरतमंदों को नजदीक के चश्मे निःशुल्क प्रदान किए गए।

महिला सशक्तिकरण - बेरोजगार महिलाओं को सिलाई मशीन – आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल।

युवा सशक्तिकरण - युवाओं को कौशल व अवसर – सशक्त भविष्य की नींव।

शीतकालीन राहत - कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण।

शिवरात्रि सेवा - शिवरात्रि पर 3500 श्रद्धालुओं को निःशुल्क नींबू शर्बत सेवा

धनवंतरी चैरिटेबल हॉस्पिटल- 4 सितम्बर 2025 – सिणधरी में जनसेवा हेतु चैरिटेबल हॉस्पिटल की स्थापना।

अस्पताल सेवाएं- एक ही छत के नीचे नेत्र, जनरल चिकित्सा व सभी जांच सुविधाएं।

निःशुल्क इलाज- असहाय व जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क इलाज।

1 प्रतिदिन सदस्य योजना- 1 प्रतिदिन में निःशुल्क जांच व डॉक्टर परामर्श की सुविधा।

सामाजिक प्रभाव - हजारों जीवनों तक स्वास्थ्य, आशा और सम्मान की पहुंच।

सेवा का संकल्प- धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन – निरंतर जनसेवा का संकल्प।







बालोतरा 01-03-2025

## शिविर में 500 लोगों की नेत्र जांच

पायला कला | जेतेश्वर धाम भलखाडी में गुरुवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर जेतेश्वर धाम महंत पारसराम महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। शिविर में आस पास के मरीजों ने आंख से संबंधित आंख का लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि रोगों व चश्मा जांच भी करवाया। शिविर का आयोजन जिला अंधता निवारण समिति एवं बाड़मेर जन सेवा समिति के तत्वावधान में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलाद राम सैन डंडाली ने बताया की शिविर में 500 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। इनमें से 50 नेत्र रोगियों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए बाड़मेर नेत्र ज्योतिष चिकित्सालय भेजा गया। जेतेश्वर धाम महंत परसराम महाराज ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है।




## शिविर के भामाशाह ताजारामजी देवासी बावड़ी खुर्द

















## शिविर के भामाशाह महंत श्री 1008 हनुमान दास जी महाराज चाडो की ढाणी













शिविर के भामाशाह महंत श्री 1008 हनुमान दास जी महाराज चाडो की ढाणी




दैनिक भास्कर बालोतरा 15-11-2025

## निशुल्क शिविर में 300 लोगों की जांच की

सिणधरी | चाडों की ढाणी में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन के तत्वावधान व श्रीश्रीयादे धाम चाड़ों की ढाणी महंत हनुमानदास महाराज के सानिध्य में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ।

फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन डंडाली ने बताया कि शिविर के दौरान 300 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया। वहीं 100 जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मे तथा 200 से अधिक लोगों को मौसमी बीमारियों का परामर्श एवं दवाईयां वितरण की गई। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद एन गोस्वामी, जनरल फिजिशियन डॉ. घनश्याम, लोकेश, अशोक सैन, पारस, रवींद्र, ओमप्रकाश सैन, वासुदेव, सतींद्र, शिवम आदि मौजूद रहे।





निःशुल्क नेत्र जांच शिविर डंडाली











# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर डंडाली





दैनिक भास्कर बालोतरा 18-11-2025

## नेत्र जांच शिविर कल

सिणधरी | समीपवर्ती राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डंडाली में बुधवार सुबह 11 से 2 बजे तक धनवंतरी चेरिटेबल हॉस्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। शिविर के दौरान डॉ. घनश्याम, डॉ. प्रमोद एन गोस्वामी मरीज की आवश्यक जांच कर परामर्श दिया जाएगा। जांच के बाद मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरण किए जाएंगे।

Reg.No. U88900RJ2023NPL091486
भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान (NGO)

खुश खबरी | लाभ उठावें | खुश खबरी

Unique IdVO/NGO RJ/2023/0379172
80G Reg. AAAKCD4873FF2024101

## धनवंतरी चेरिटेबल हॉस्पिटल

पता :- मेघा हाईवे, सांचौर रोड़ सिणधरी, जिला-बालोतरा (राज.) 344033

पहली बार अपने क्षैत्र बाड़मेर व बालोतरा में एकमात्र संस्था का हॉस्पिटल सिणधरी में

## निःशुल्क नैत्र व स्वास्थ्य जाँच शिविर

दिनांक :- 19 नवम्बर 2025, बुधवार समय सुबह 11 बजे से 2 बजे

स्थान :- राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डण्डाली

**डॉ. सावन चुग** 1. नैत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क नेत्रों की जांच एवं निःशुल्क नजदीक के चश्मे वितरण (50 वर्ष से उपर के लिए)

**डॉ. घनश्याम** (बाबा साहेब अंबेडकर हॉस्पिटल दिल्ली, राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल दिल्ली)
निःशुल्क जनरल फिजिशियन द्वारा जाँच :- बी.पी.शुगर, मिर्गी, एलर्जी, दाद, खाज, खुजली, डेंगु, मलेरिया, जैसे चर्म रोग, मौसमी बिमारी, बुखार, खाँची, निमोनिया, श्वास की तकलीफ, पथरी का ईलाज, गैस, कब्ज, जैसी पेट की समस्याओं का परामर्श

**डॉ. प्रमोद एन गोस्वामी**
JK LON & NMCH HOSPITAL KOTA
स्त्री विशेषज्ञ द्वारा जाँच :- गर्भवती महिलाओं व बच्चे की जाँच, सफेद पानी व महामारी की समस्या, निःसन्तान, बच्चेदानी की समस्याएं कैंसर की जाँच, खून की कमी, शरीर में सुजन एवं कमजोरी का परामर्श ।

**विश्वास और अनुभव से भरी चिकित्सा सेवा**
एक ही स्थान पर सम्पूर्ण स्वास्थय सुविधाएं।
24 घण्टे डाक्टर व इमरजेंसी सेवा ।
महिलाओं, बच्चों और बुजुगों। के लिए विशेष देखभाल ।
सोनोग्राफी, एक्सरे, ECG, लैब सब एक ही स्थान छत के नीचे ।
विश्वसनीय डाक्टरों की टीम आपके साथ ।
स्वास्थय सेवा के लिए समर्पित धनवतंरी हॉस्पिटल ।

**सर्म्पक सूत्र :-**
अशोक सैन 7737292564
प्रहलादराम सैन 9784176282














शिविर के भामाशाह सोनी रावतोणी परिवार निंबलकोट





दैनिक भास्कर जैसलमेर-पोकरण भास्कर 06-01-2025

## नेत्र जांच शिविर आयोजित

पायला कला | समीपवर्ती बाबा रामदेव मंदिर निंबलकोट में रविवार को धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से स्वामी दयानंद गिरी महाराज, अजमलराम, सरपंच नगाराम सियाग, पूर्व सरपंच कोशलाराम मूढ़ के आतिथ्य में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रहलादराम सैन डंडाली ने बताया कि शिविर के दौरान 600 मरीजों की निशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। वहीं 80 मरीजों को आंखों के आपरेशन के लिए नेत्र ज्योति चिकित्सालय बाड़मेर ले जाया गया। साथ ही 300 मरीजों को निःशुल्क चश्मे दिए। शिविर के भामाशाह रावतोणी सोनी परिवार निंबलकोट रहे। शिविर के दौरान फाउंडेशन संरक्षक बाबूलाल जांगिड़, ओमप्रकाश सैन, मेहराराम प्रजापत, बगदाराम प्रजापत आदि मौजूद रहे।





















शिविर के भामाशाह सोनी रावतोणी परिवार निंबलकोट





दैनिक भास्कर बालोतरा 03-02-2025

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 800 लोगों की जांच कर परामर्श दिया



भास्कर न्यूज़ | पायला कला

जिला अंधता निवारण समिति एवं बाड़मेर जन सेवा समिति के तत्वावधान में धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन की ओर से पाबूजी राठौड़ व वीर तेजाजी गोशाला संस्थान कौशलु में रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन अध्यक्ष प्रहलादराम सैन डंडाली ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में 800 मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में 400 मरीजों को चश्मा वितरण किया गया तथा 82 लोगों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए बाड़मेर नेत्र ज्योति चिकित्सालय भेजा गया। इस अवसर पर भामाशाह उदाराम सोनी, जोगाराम कालीराणा, फाउंडेशन टीम के आईदानसिंह धतरवाल, केसाराम चौधरी आदि मौजूद रहे।





# शिविर के भामाशाह उदाराम जी सोनी जोगाराम जी कालीराणा कोशलू
































# धनवंतरी चैरिटेबल हॉस्पिटल उद्घाटन समारोह

















## धनवंतरी चैरिटेबल हॉस्पिटल उद्घाटन समारोह











# धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन

Reg. No. U88900RJ2023NPL091486 भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान (NGO)
Unique IdVO/NGO RJ/2023/0379172 80G Reg. AAKCD4873FF2024101




DHANVANTARI
SOCIAL CARE FOUNDATION

MY LOOK Photography 9610758212

caver- Front MAtt

# धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन

**Reg. No. U88900RJ2023NPL091486 भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान (NGO)**
**Unique IdVO/NGO RJ/2023/0379172 80G Reg. AAKCD4873FF2024101**

सेवा । संवेदना । समर्पण

स्थापना- 8 दिसम्बर 2023 — असहाय, गरीब और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प के साथ संस्था की शुरुआत।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर - जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच — बेहतर दृष्टि की ओर एक कदम।

नेत्र ऑपरेशन - 3000+ जरूरतमंदों को नजदीक के चश्मे निःशुल्क प्रदान किए गए।

महिला सशक्तिकरण - बेरोजगार महिलाओं को सिलाई मशीन — आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल।

युवा सशक्तिकरण - युवाओं को कौशल व अवसर — सशक्त भविष्य की नींव।

शीतकालीन राहत - कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र वितरण।

शिवरात्रि सेवा - शिवरात्रि पर 3500 श्रद्धालुओं को निःशुल्क नींबू शर्बत सेवा

धनवंतरी चैरिटेबल हॉस्पिटल- 4 सितम्बर 2025 — सिणधरी में जनसेवा हेतु चैरिटेबल हॉस्पिटल की स्थापना।

अस्पताल सेवाएं- एक ही छत के नीचे नेत्र, जनरल चिकित्सा व सभी जांच सुविधाएं।

निःशुल्क इलाज- असहाय व जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क इलाज।

1 प्रतिदिन सदस्य योजना- 1 प्रतिदिन में निःशुल्क जांच व डॉक्टर परामर्श की सुविधा।

सामाजिक प्रभाव - हजारों जीवनों तक स्वास्थ्य, आशा और सम्मान की पहुंच।

सेवा का संकल्प- धनवंतरी सोशल केयर फाउंडेशन — निरंतर जनसेवा का संकल्प।

MY LOOK Photography
9610758212